तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 1.62 करोड़ की ट्रॉमिल मशीन से होगी कचरे की...





11 बीएसपी कर्मचारी बढ़ती महंगाई में मात्र पांच हजार...




## खबर संक्षेप



### शिवम ने स्वामी कैलाशानंद गिरी से लिया आशीर्वाद

**बेमेतरा।** राजधानी रायपुर के स्वर्ण भूमि स्थित पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल के निज निवास में निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शिवम तिवारी ने सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर शिवम तिवारी ने स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज को बेमेतरा की आराध्य देवी माता भद्रकाली का तैल चित्र भेंट किया। बेमेतरा आगमन के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने क्षेत्र की धार्मिक आस्था एवं जनभावनाओं से भी महाराज को अवगत कराया।

### मसीह धर्म अपनाने का दबाव, एक गिरफ्तार

**भिलाई।** जबरन दवाब बनाकर मसीह समाज को अपनाने का दबाव बनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मकान क्रमांक 435/6, आशीष नगर पश्चिम, रिसाली निवासी सरोज वर्मा ने शिकायत किया है कि उसका बेटा होशांग वर्मा उसे मसीह धर्म को अपनाने निरंतर दबाव बना रहा है। विरोध करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देता है। घर के धार्मिक मूर्तियों को हटाकर उसे फेंक दिया पूजा करने पर बाधा उत्पनन्न करता है। शिकायत के बाद नेवई पुलिस ने युवक को पकड़ लिया है। आरोपी के खिलाफ धारा 298, 299 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र अधिनियम 1968 की धारा 3, 4 के तहत अपराध कायम किया है। पुलिस ने दस्तावेज और साक्ष्य भी बरामद किया है। दुर्ग पुलिस की अपील है कि आम नागरिक किसी भी प्रकार के धार्मिक दबाव, धमकी या कानून के खिलाफ गतिविधि की सूचना मिलने पर पुलिस को जानकारी दें।

### पुलिस चेकिंग में गांजा जब्त, महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलिस चेकिंग के दौरान गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, बाहरी संदिग्ध को जांच के लिए कॉम्बिंग अभियान चलाया गया। थाना मोहन नगर क्षेत्र उरला, भिलाई नगर अनुविभाग के थाना सुपेला क्षेत्र नेहरू भवन, संजय नगर, कुम्हारपारा, भीमनगर, शिवपारा, लक्ष्मी नगर, फरीद नगर, छावनी अनुविभाग के थाना छावनी क्षेत्र कैची मोहल्ला, कसाई मोहल्ला, चन्द्रशेखर आजाद मोहल्ला, सुभाष नगर, सुन्दर नगर, प्रगति नगर में एक साथ चला। थाना छावनी क्षेत्र के प्रगति नगर में सूचना प्राप्त होने पर प्रगति नगर कैम्प 1 निवासी एस. नीला द्वारा अवैध रूप से गांजा बेचने के आरोप में उसे पकड़ा गया। उसके पास से 2.10 किलोग्राम गांजा व नगदी 5 हजार रुपए जब्त किया है। इसके अलावा सुपेला क्षेत्र में वारंट के तहत आकाश साहू, बबलू शाह,कमलजीत सिंह को गिरफ्तार कर वारंट तामील कराया गया।

### 56 हजार का भुगतान पंचायत सचिव निलंबित

**दुर्ग।** अंजोरा ख में 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत कार्य में वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर तत्कालीन पंचायत सचिव ताम्लेश्वरी देवांगन को निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत संसाधन केन्द्र अंजोरा में पेवर ब्लॉक लगाए जाने के लिए स्वीकृत राशि में से कार्य प्रारंभ किए बिना ही एके टाईल्स को 56 हजार का भुगतान कर दिया गया।

# मनरेगा में ई-केवायसी कार्य की धीमी गति पर 39 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनाअंतर्गत ई-केवाईसी कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिले की विभिन्न जनपद पंचायतों में कार्यरत 10 रोजगार सहायकों एवं 29 तकनीकी सहायकों को अलग-अलग कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। जिला पंचायत द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि ई-केवाईसी कार्य शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है, इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं की गई। कई बार निर्देश और समीक्षा बैठक के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर यह कार्रवाई की गई है।

**10 रोजगार सहायकों एवं 29 तकनीकी सहायकों को नोटिस**




**समयबद्ध लक्ष्यपूर्ति की जाए सुनिश्चित**

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

**पंजीयन में भी बरती गई लापरवाही-** जिला पंचायत के अनुसार रोजगार सहायकों को ग्राम स्तर पर श्रमिकों के ई-केवाईसी पंजीयन में लापरवाही बरतने तथा निर्धारित प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण नहीं करने के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं तकनीकी सहायकों को कार्यों की प्रविष्टि, सत्यापन और पोर्टल पर अद्यतन प्रगति सुनिश्चित नहीं करने के कारण नोटिस जारी किया गया है।

सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

**जायजा : तहसील क्षेत्र के 11 केन्द्रों में लगभग दो हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल**

# बोर्ड परीक्षाएं कल से, केन्द्राध्यक्षों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा/थान खम्हरिया

छत्तीसगढ़ राज्य माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी की वार्षिक बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक संचालित होंगी। परीक्षा को लेकर थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। केन्द्राध्यक्षों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर बैठक व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

नगर में इस वर्ष तीन के स्थान पर दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। सरस्वती शिशु मंदिर से परीक्षा केन्द्र हटाकर भारतमाता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में संलग्न किया गया है। थान खम्हरिया में भारतमाता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। केन्द्राध्यक्ष संध्या दीपक एवं डाकवर ध्रुव ने परीक्षा केन्द्रों में टेबल-कुर्सी, पेयजल, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।



**एक विषय में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को मिला मौका**

बोर्ड परीक्षा की शुरुआत 20 फरवरी को कक्षा 12वीं के भूगोल एवं भौतिकी विषय से होगी, जबकि 21 फरवरी को कक्षा 10वीं हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशानुसार श्रेणी सुधार के लिए तीन वर्ष की छूट के साथ एक विषय में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिया गया है। प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों में बैठक व्यवस्था, पेयजल, शिक्षकों की ड्यूटी तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस तैनाती सहित सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस प्रकार थान खम्हरिया नगर सहित पूरे तहसील क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

नगर के दोनों केन्द्रों में थान खम्हरिया बालक व कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, कोपेडबरी हाईस्कूल, दर्री हाईस्कूल तथा सरस्वती शिशु मंदिर के कुल 645 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं तहसील क्षेत्र के बनरांका, ओड़िया, कारेसरा, खैरझिटीकला, खाती, हाटरांका, किरकी एवं पदुमसरा सहित कुल 11 परीक्षा केन्द्रों में लगभग दो हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। केन्द्राध्यक्षों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतमाता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला केन्द्र में बालक हायर सेकेंडरी स्कूल के 165, दर्री हाईस्कूल के 38 तथा सरस्वती शिशु मंदिर के 165 सहित कुल 370 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला केन्द्र में कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के 212 एवं कोपेडबरी हाईस्कूल के 64 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। इसी प्रकार बनरांका परीक्षा केन्द्र में बनरांका हायर सेकेंडरी स्कूल के 120, गोपालपुर हाईस्कूल के 53 तथा नवागांवकला हायर सेकेंडरी स्कूल के 80 विद्यार्थी शामिल होंगे।

# युवक पर धारदार हथियार से हमला, आरोपी गिरफ्तार




**वाद विवाद होने पर किया हमला**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिले के थाना परपोड़ी पुलिस ने हत्या की नियत से धारदार हथियार से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पंचुराम साहू (55 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 02 परपोड़ी ने थाना परपोड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 फरवरी की रात करीब 1:30 बजे ग्राम तुमडीपार स्थित बजरंग बली मंदिर के पास मासुलगोंदी निवासी करण साहू ने उसके पुत्र बलराम साहू से वाद-विवाद किया। विवाद के दौरान आरोपी ने हत्या की नियत से धारदार वस्तु से बलराम साहू के पेट पर प्राणघातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई। रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। थाना प्रभारी परपोड़ी निरीक्षक सत्य प्रकाश उपाध्याय के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई। विवेचना के दौरान आरोपी करण साहू (22 वर्ष) पिता दुर्गा साहू, निवासी मासुलगोंदी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

**कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका-** कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश उपाध्याय, प्रधान आरक्षक येमन बघेल, डामेश्वर सिंह राजपूत सहित आरक्षक पीयूष सिंह, शिव कुमार, रमेश चंद्रवंशी, प्रदीप कौशल, प्रमोद पांडेय एवं थाना परपोड़ी के पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिला पंचायत सभाकक्ष में हुआ श्रमिक जनसंवाद सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिला पंचायत बेमेतरा के सभाकक्ष में बुधवार को श्रमिक जनसंवाद सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में लगभग 400 श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शासन की विभिन्न श्रम कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याएं और सुझाव मंच के माध्यम से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा रहे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक दिपेश साहू, नगर पालिका परिषद बेमेतरा के अध्यक्ष विजय सिन्हा, पार्षद नीतू कोठारी, पूर्व भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पदमाकर तथा श्रम पदाधिकारी शोएब काजी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि योगेश दत्त मिश्रा ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन श्रमिक वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने श्रमिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा, परिवार की सुरक्षा और सामाजिक संरक्षण को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर विभिन्न श्रम कल्याणकारी योजनाओं के तहत कुल 8,704 हितग्राहियों को 2 करोड़ 60 लाख 82 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। योजनानुसार लाभान्वित हितग्राहियों में मिनीमाता महतारी जतन योजना के 239, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के 18, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के 10, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के 128, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के 22 तथा मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के 8,287 हितग्राही शामिल रहे।



**8,704 हितग्राहियों को 2.60 करोड़ से अधिक की सहायता**

**राशि अंतरण की प्रक्रिया की गई पूर्ण-** कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से स्वीकृति पत्र वितरित किए गए तथा अन्य हितग्राहियों के खातों में राशि अंतरण की प्रक्रिया ▸▸ शेष पेज 11 पर

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में हुआ 35 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

डॉ. चेतन सिंह वर्मा एवं पूर्व विधायक की जयंती के अवसर पर 18 फरवरी को सिंघरौर कुर्मी समाज के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। समाजसेवा और मानव कल्याण की भावना से आयोजित इस शिविर में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 35 यूनिट रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृतलाल रोहड़ेकर एवं सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम प्रभारी रक्त संक्रमण अधिकारी डॉ. पी.आर. पोपटानी की उपस्थिति में विधिवत संपन्न हुआ। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्तदाताओं का मार्गदर्शन किया तथा सुरक्षित रक्तदान प्रक्रिया सुनिश्चित की।



**युवाओं और समाजसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया**

**समाज के पदाधिकारियों की रही सक्रिय भागीदारी-** कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण वर्मा, राजेंद्र वर्मा (अध्यक्ष), खेमराज वर्मा (उपाध्यक्ष), हेम सिंह वर्मा (कोषाध्यक्ष), ललित वर्मा (सचिव), रीना मिथिलेश वर्मा (उपाध्यक्ष) सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए रक्तदान को सबसे बड़ा दान बताया और अधिक से अधिक लोगों से नियमित रक्तदान करने की अपील की।

**स्वास्थ्य विभाग की टीम का विशेष योगदान-** रक्तदान शिविर को सफल ▸▸ शेष पेज 11 पर

**सदैव धर्म, सत्संग और ईश्वर भक्ति के मार्ग पर चलने का किया आव्हान**

# अच्छा देखना-सुनना ही जीवन का सही मार्ग : पं. जय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिले के ग्राम बलौदी में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा के चौथे दिन बुधवार को कथावाचक पंडित जय श्रवण महाराज सिमगा वाले ने श्रद्धालुओं को जीवन में सदाचार और सत्संग का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के नेत्र, श्रवण और वाणी पर नियंत्रण ही उसके चरित्र का निर्माण करते हैं। जैसा मनुष्य देखता और सुनता है, वैसा ही उसका आचरण बनता है। यदि व्यक्ति अच्छा देखे-सुने और भगवान के नाम का आश्रय लेकर सत्संग करे तो वह कभी गलत मार्ग पर नहीं जाएगा।

कथावाचक ने भगवान विष्णु के वामन अवतार का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान ने राजा बलि से तीन पग भूमि मांगकर धरती की रक्षा की और देवलोक में इंद्र का पुनः अधिकार स्थापित कराया। उन्होंने बताया कि राजा बलि महादानी थे और उनके द्वार से कोई खाली हाथ नहीं लौटता था। गुरु शुक्राचार्य के मना करने के बावजूद उन्होंने वामन भगवान को वचन दिया, जिसके बाद भगवान ने दो पग में पृथ्वी और आकाश नापकर तीसरा पग राजा बलि के सिर पर रखा, जिससे उन्हें मोक्ष प्राप्त हुआ। कथावाचक ने श्रद्धालुओं से सदैव धर्म, सत्संग और ईश्वर भक्ति के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जीवन में किए गए शुभ कर्म ही मनुष्य के साथ जाते हैं। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं।



**चारों युगों का किया वर्णन-** कथा के दौरान चार युगों सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलयुग का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि त्रेतायुग में भगवान विष्णु ने अधर्म के नाश के लिए वामन, परशुराम और श्रीराम के रूप में अवतार लिया। परशुराम अवतार में भगवान शिव के परम भक्त के रूप में उन्होंने अधर्मियों का विनाश किया। वहीं श्रीराम अवतार में अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र के रूप में जन्म लेकर मर्यादा पुरुषोत्तम की स्थापना की और रावण सहित ▸▸ शेष पेज 11 पर

# मनरेगा श्रमिकों के लिए ई-केवायसी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के लिए ई-केवाईसी (आधार सत्यापन) अनिवार्य कर दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा शत-प्रतिशत श्रमिकों का सत्यापन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 20 फरवरी को जिले की सभी ग्राम पंचायत भवनों में सुबह 7 बजे से विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिला प्रशासन ने बताया कि मनरेगा कार्यों में वास्तविक श्रमिकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा डिजिटल माध्यम से पारदर्शी भुगतान व्यवस्था लागू करने के लिए ई-केवाईसी आवश्यक किया गया है। ई-केवाईसी पूर्ण होने पर श्रमिकों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज की जाएगी, जिससे कार्यों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बढ़ेगी और श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान संभव हो सकेगा।



**ई-केवाईसी के प्रमुख लाभ-** श्रमिकों की उपस्थिति डिजिटल रूप से दर्ज होने से भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी। फर्जी प्रविष्टियों पर रोक लगने से भ्रष्टाचार में कमी आएगी। श्रमिकों की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होने से योजना की बेहतर निगरानी संभव होगी। सत्यापित ▸▸ शेष पेज 11 पर

